भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1104
गुरूवार, 13 फरवरी, 2025/24 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना

1104 श्री हर्ष महाजन:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार अपनी बेड एंड ब्रेकफास्ट (बी एंड बी) योजना को सफल मानती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो योजना की विफलता के मुख्य कारण क्या हैं;

(घ) पिछले तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश में बी एंड बी योजना के लिए पंजीकरण हेतु आवेदन करने वाले लोगों की संख्या वर्ष-वार और जिला-वार कितनी है;

(ङ) पिछले तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश में बी एंड बी पंजीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले कितने व्यक्तियों के आवेदन लंबित हैं, इसके क्या कारण हैं; और

(च) इस योजना का विश्व स्तर पर प्रचार करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): जी हां। पर्यटन मंत्रालय वर्गीकरण की अपनी स्वैच्छिक योजना के अंतर्गत बेड एंड ब्रेकफास्ट (बी एंड बी) सहित आवास इकाइयों को वर्गीकृत करता है। अब तक, पर्यटन मंत्रालय द्वारा 515 बी एंड बी को वर्गीकृत किया गया है।

(घ): पिछले तीन वर्षों (2022, 2023, 2024) में हिमाचल प्रदेश राज्य से बी एंड बी के लिए पंजीकरण हेतु आवेदन करने वाली इकाइयों का वर्ष-वार और जिला-वार आंकड़ा इस प्रकार है:

पंजीकरण हेतु आवेदन करने वाली बी एंड बी इकाइयों की संख्या - वर्ष-वार			
जिला	**2022**	**2023**	**2024**
बिलासपुर	0	1	1
चंबा	3	19	20

हमीरपुर	0	2	0
कांगड़ा	20	94	83
किन्नौर	0	0	3
कुल्लु	28	187	111
लाहूल और स्पीती	0	2	2
मंडी	1	1	6
शिमला	86	311	162
सिमौर	0	2	2
सोलन	26	98	121
ऊना	1	2	0
कुल	**165**	**719**	**511**

(ड): पिछले तीन वर्षों (2022, 2023, 2024) में हिमाचल प्रदेश राज्य की इकाइयों का उनके बी एंड बी पंजीकरण संबंधी आवेदनों के लंबित सत्यापन सहित वर्ष-वार आंकड़ा इस प्रकार है:

पंजीकरण सत्यापन के लिए लंबित बी एंड बी इकाइयों की संख्या - वर्ष-वार		
2022	2023	2024
0	0	54

(च): बेड एंड ब्रेकफास्ट के वर्गीकरण की स्वैच्छिक योजना के दिशा-निर्देश पर्यटन मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट के साथ-साथ निधि+पोर्टल/मोबाइल एप्लिकेशन पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं। पर्यटन मंत्रालय औद्योगिक संघों के साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रमों, बैठकों और सम्मेलनों में भी इस योजना का संवर्धन करता है।

******